# कार्यवाही विवरण

**मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–घुटकू, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–2.5 मिलियन टन/वर्ष की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति बावत् दिनांक 22.02.2017, दिन–बुधवार को स्थान–ग्राम घुटकू स्थित मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के प्रांगण, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में आयोजित लोकसुनवाई का कार्यवाही विवरणः–**

भारत शासन पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली की ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के अंतर्गत **मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–घुटकू, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) में प्रस्तावित कोल वॉशरी क्षमता–2.5 मिलियन टन/वर्ष की स्थापना के लिए पर्यावरणीय स्वीकृति** के संबंध में लोक सुनवाई हेतु उद्योग के आवेदन के परिप्रेक्ष्य में समाचार पत्रों **नई दुनिया, बिलासपुर एवं हिन्दुस्तान टाईम्स, नई दिल्ली में दिनांक 19.01.2017** में लोक सुनवाई संबंधी सूचना प्रकाशित करवाई गई थी। तद्नुसार लोक सुनवाई दिनांक **22.02.2017, दिन–बुधवार को समय दोपहर 01:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में स्थान–ग्राम घुटकू स्थित मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के प्रांगण, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में आयोजित की गई। ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 के प्रावधानों के अनुसार ड्राफ्ट ई.आई.ए. रिपोर्ट एवं कार्यपालक सार की प्रति एवं इसकी सी.डी. जन सामान्य के अवलोकन हेतु कार्यालय कलेक्टर–बिलासपुर, जिला पंचायत कार्यालय–बिलासपुर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र–बिलासपुर, क्षेत्रीय कार्यालय छत्तीसगढ़, पर्यावरण संरक्षण मंडल बिलासपुर, **कार्यालय ग्राम पंचायत घुटकू, कार्यालय ग्राम पंचायत जोकी, कार्यालय ग्राम पंचायत उसलापुर, कार्यालय ग्राम पंचायत लोखण्डी, कार्यालय ग्राम पंचायत पोड़ी (भरनी), कार्यालय ग्राम पंचायत परसदा, कार्यालय ग्राम पंचायत कछार, कार्यालय ग्राम पंचायत लोफंदी, कार्यालय ग्राम पंचायत भाड़म, कार्यालय ग्राम पंचायत लमेर, कार्यालय ग्राम पंचायत तुर्काडीह, कार्यालय ग्राम पंचायत निरतू, कार्यालय ग्राम पंचायत सेंदरी एवं कार्यालय नगर पंचायत सकरी, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)**, डायरेक्टर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली, मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय (डब्ल्यू.सी.जेड.) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, ग्राऊण्ड फ्लोर ईस्ट विन्ग, न्यू सेक्रेटरियेट बिल्डिंग, सिविल लाईन्स, नागपुर (महाराष्ट्र), मुख्यालय छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पर्यावास भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नया रायपुर (छ.ग.) में रखी गई थी। उक्त कोल वॉशरी परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका –

टिप्पणियां एवं आपत्तियां इस सूचना के जारी होने के दिनांक से 30 दिन के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया था। लोक सुनवाई की निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय, छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल, पं. दीनदयाल उपाध्याय पार्क के पास, व्यापार विहार, जिला–बिलासपुर में मौखिक अथवा लिखित रूप से उक्त परियोजना के संबंध में सुझाव, विचार, टीका टिप्पणीयां पत्र प्राप्त नहीं हुई हैं।

लोक सुनवाई हेतु निर्धारित तिथि **दिनांक 22.02.2017 दिन बुधवार को समय 12:00 बजे अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर की अध्यक्षता में स्थान–ग्राम घुटकू स्थित मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड के प्रांगण, तहसील–तखतपुर, जिला–बिलासपुर (छ.ग.)** में लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ की गई।

सर्वप्रथम **श्री के. डी. कुंजाम, अतिरिक्त कलेक्टर, जिला–बिलासपुर** द्वारा लोक सुनवाई की कार्यवाही आरंभ करने की अनुमति के साथ डॉ. अनीता सावंत, क्षेत्रीय अधिकारी, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, बिलासपुर द्वारा भारत शासन, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा जारी ई.आई.ए. नोटिफिकेशन 14.09.2006 के परिपेक्ष्य में लोक सुनवाई के महत्व एवं प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी जनसामान्य को दी गई।

तत्पश्चात् अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को जनसुनवाई संबंधी विषय पर अपने सुझाव, आपत्ति, विचार, टीका–टिप्पणी मौखिक अथवा लिखित रूप से प्रस्तुत करने हेतु आमंत्रित किया गया।

तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने मौखिक रूप से सुझाव, विचार, टीका–टिप्पणियां दर्ज कराया। जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

1. **श्री श्यामलाल सोनी, ग्राम–घुटकू :–** मै जनसुनवाई के समर्थन में खडा हूॅ। इनके द्वारा सांस्कृतिक भवन के पास बोर कराया गया है। पूर्व में ग्राम के लिए महाविद्यालय की मांग की गई थी। सिटी बस की मांग की गई थी जो सरकार के तरफ से पूरा हो गया है। मेरे ग्राम में वार्ड नं. 8 में सांस्कृतिक भवन का निर्माण किया गया है उद्योग प्रबंधन द्वारा हैंडपंप लगाया गया है। जूनी तालाब में पानी का काम पूरा हो चुका है। सडक में मुरूम का काम हो चुका है ज्यादा विरोध नहीं करना चाहिए। इनके काम में सहयोग करें। बेरोजगारो को सुविधा मिले महिलाओ को रोजगार मिले। पर्यावरण का ध्यान दे। स्वास्थ प्रभावित न हो। इसका ध्यान दे। नारेबाजी। तानाशाही नहीं चलेगी।

2. **श्री विष्णु प्रसाद लोनिया ग्राम–घुटकू :–** . यह जो कोल वॉशरी स्थापित है उसे चलने दीजिये, विरोध नहीं करते है। रोजगार मिलेगा, हमारी आर्थिक स्थिति संभलेगी। हमको एवं हमारे बच्चो को रोजगार मिले। गांव का विकास रोकने का कार्य न करें।

3. **श्री गोविंद भोई, घुटकू :–** भारत सरकार को धन्यवाद देता हूॅ। एक उद्योग खुल रहा है। ग्रामवासियों को रोजगार दे, भूखो को भोजन दे। कतिपय लोग विरोध कर रहे है। हमारे गांव को गोद लेकर चले।

4. **<u>श्री कृष्ण कुमार चौहान, घुटकू :–</u>** हमारे गांव में कोल वाशरी का प्रावधान चल रहा है उस पर व्यवधान डाल रहे हो चुल्लू भर पानी में डूब मरो। हम अपना जमीन दिये है। उस दिन काहे ऑबजेक्शन नहीं किये? आप लोग। बाहरी आदमी को कोई दरकार नहीं। लोनियापारा का पूरा जमीन दिया गया है। लोनियापारा के बच्चे को अपने आश्रय में ले। अपने यहां काम दे।

5. <u>श्री नरोत्तम प्रसाद पटेल, निरतू पूर्व सरपंच, जनपद सदस्य :</u>–खुशी की बात है कि घुटकू में कभी दुर्घटना हो जाती थी तो रास्ता नहीं होता था तो लाने मे परेशानी होती थी। अगर किनारे से रास्ता होता तो ये परेशानी नहीं होती। लाश उठाने जैसे परेशानी होती थी। खेती करने में परेशानी होती थी। लाईन नहीं रहता था। फसल चौपट हो जाती थी। चोरी करते थे। जमीन लिये है गांव वासी खुशी मे है, रोजगार मिलेगा। उनको जमीन खरीद कर दिया गया है। रोड बरसात के बाद बैठ जायेगा तो उसे सीसी या डमरीकरण करें। आसपास जितने भी गांव आते है उस सभी गांव में कार्य करके निदान दे। सब खुश होंगे। उद्योग से रहवासी मकान 3–4 कि.मी. दूर है इस तरह से हमको फायदा होगा। रोजगार मिलेगा। बाहर जाकर बधुआ मजदूर बनते थे उससे निजात मिलेगी। कोल वॉशरी खुलने से इसका स्वागत करता हूॅ।

6. <u>श्री जय नारायण लुनिया, घुटकू लुनियापाराः</u>– जो काम आज हमारे घुटकू मे होने जा रहा है वह काम 5–6साल पहले अन्य ग्राम में हो चुका है। हमारे विकास को देखकर अन्य लोग जलन कर रहे है। हमारा विकास होने दे। सहयोग की भावना रखता हूॅ। घुटकू पिछडा ग्राम है। अब इसके विकास को कोई नहीं रोक सकता है। हमारी बातो को प्रवीण भैया सुनते है। माता बेटी बहने पलायन करते है अब वह दिन देखने को नहीं मिलेगा। रोडाबाजी न करे सहयोग प्रदान करें। प्रवीण भैया सब बात सुन चुके है और विश्वास है कि ये सब बात को पूरा करेंगे।

7. <u>श्री सीताराम सांनते, घुटकू .</u>:– कोल वॉशरी का पूरा समर्थन दे रहे है। 5 हार्स पॉवर का हैंडपंप लगाया है। स्कूल की पोताई कराये है, झा साहब हमारे गांव का पूरा विकास करेगा। हमको पूरा सहयोग करेगा। समर्थन है।

8. <u>श्री राकेश तिवारी, तखतपुर पूर्व जनपद सदस्यः</u>– हमारे संगठन के लोग आये है। जो वादा किया जा रहा है वह पूरा किया जायेगा कि नहीं। यह देखने आये है। पर्यावरण की अनापत्ति पूरा लिया है कि नही। माननीय अधिकारी से पूरी जानकारी लेना है। नियमो का पालन किया जाता है कि नहीं ? जनहित में क्या कार्य किया जाता है? विकास कार्यो में योगदान देंगे, यह देखने आये है। यह जनसुनवाई घुटकू का नही है बिलासपुर तथा छत्तीसगढ का है। गांव के बाहर क्या जन सुनवाई होना है? हमारा व्यक्तिगत विरोध नहीं है। हम यहां की नीति का विरोध करते है। पूरे नियमो का पालन किया जाये। यहां बडी–बडी चिमनियां बनेगी, धूल धक्कड होगा, तो क्या होगा? भावना में मत आईये। बेलतरा में विरोध हुआ है, घुटकू में भी विरोध होगा। पानी सडक की व्यवस्था, गांव का विकास, सरकार से भी अच्छा यह कंपनी करे । राजस्व के नियमो एवं पर्यावरण विभाग के नियमो का पालन नहीं किया गया है। यह 03 कि.मी. दूर कैसी जनसुनवाई है? लोकतंत्र है, मन विचार से पूरी बात रखे। किसी के बहकावे पर न बोले। माताओ को विचार करना चाहिए, सोचना चाहिए कि आप का क्या विचार पूरा हो रहा है।

9. <u>श्री बृजमंगल सिंह राजपूत, घुटकूः</u>– जो बात किया है उसका मै समर्थन करता हूॅ। और गांव से समर्थन नहीं लिया है। सब बदल गये है। मर्यादा कुछ भी नहीं रह गया है। अब पैसा सब कुछ हो गया है।

10. श्री बालक कौशिक, घुटकू :– यह जन सुनवाई है कि क्या है ? घुटकू में जन सुनवाई करने के लिए जगह नहीं मिला। जो यहां कर रहे हो, हम अपना विचार रखने आये है। आप खुश हो तो हमको कोई दुख नहीं है। कोल वॉशरी के कोयला छटाई से डस्ट निकलेगा। घुटकू के बीच में जन सुनवाई करना था, न कि जंगल में। गांव का विकास करें। इसका एग्रीमेंट करें। आप सहमत है, अंतर आत्मा से हमको कोई परेशानी नहीं है। आज चक्काजाम किया जा रहा है कि खेत में जनसुनवाई हो रहा है। अपने भावना में मत बहो। छत्तीसगढ नहीं जागेगा तो बाहर के लोग लूटेंगे। बिहार, झारखण्ड, उत्तरप्रदेश के आदमी आकर यहां काम करते है।

11. श्री कृष्ण कुमार चौहान :– कौशिक जी एवं मक्कड जी यहां प्राथमिक स्कूल नहीं है। अस्पताल नहीं है। 15 साल से यहां क्या आप लोग कर रहे है? हमारे गांव को क्या मिला है। आप यहां आके राजनीतिक रोटी सेक रहे है। अगर कोई देना चाह रहा है तो आप पैर अडा रहे है। नारेबाजी। तानाशाही नहीं चलेगी।

12. श्री राजेन्द्र साहू पूर्व संरपंच सेंदरी :– जन भावना को ठेस पहुचाने का विरोध नहीं है। आप वॉशरी की स्थिति नहीं देखे हो। गांव के मुर्दा ला गांव जलाथे। हम कल के बाद आपके गांव नहीं आयेंगे। हम आपके विरोध करने नहीं आये है। रोजी–रोटी छीनने नहीं आये है। बेलतरा वॉशरी की वजह कोनी, सेंदरी, बेलतरा, भुगत रहा है। हम आपके सूचना में आये है। लोखण्डी, तुर्काडीह, कछार, घुटकू के सब के सब सरपंच आये हैं। प्लांट लगने के बाद आप देखना कि झा साहब क्या करेंगे? छत्तीसगढ आदमी के लिए नो एंट्री गेट में लगा है। बिहार, झारखण्ड के लोग काम करते है। जनप्रतिनिधि है सरपंच के नाते आये है। आउटर में जन सुनवाई कहीं नहीं होता है। यह मैनेजमेंट की व्यवस्था है।

13. श्री कमलेश सिंह ठाकुर, सेंदरी– आप लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूॅ, मै कृषक के हैसियत से आया हूॅ। नेता गिरी करने नहीं। ये देख लीजिये फसल एवं पौधे लेकर आया जिसे दिखाया गया, कि कोल वॉशरी व स्पंज आयरन से यह स्थिति होती है। ईएसपी उद्योग में चलाकर बिजली खपत देखी जाये। विरोध नहीं है। विकास दूसरे रूप में हो सकता था, कॉलेज खोलकर अन्य कार्य कर। 955 घनमीटर प्रतिदिन पानी चाहिए। 01 घनमीटर में 1000 लीटर पानी आता है। वॉटर टेबल नीचे जायेगा। स्थिति बद्तर होनी वाली है। साग सब्जी की स्थिति दिखा दिया हूॅ।

14. श्री राजेश टंडन, उसलापुर :– हांफा गांव में महावीर पारस का कोल वॉशरी खुला है। वहां कितना विरोध किये है।

15. श्री आनंद श्रीवास, घुटकू :– 4–5 स्थानों पर जल व्यवस्था कराई जाये। प्रबंधन द्वारा कितना वृक्षारोपण कराया जायेगा, वाहनो की क्षमता क्या होगी? जो रोड खराब होगा उसे सुधारा जाये। सीएसआर मद की जानकारी बताये।

16. श्री राम प्रकाश, घुटकू बीच–बीच में आपत्ति आई है। सुझाव भी रखे है। मै यही चाहता हूॅ के निराकरण के लिये झा जी से निवेदन करूंगा कि प्लांट लगने से पहले कुछ कार्य करें। लोकल के 75 प्रतिशत लोग को रोजगार देंगे। 05 को भी नहीं दिये है। जो वादे किये जाते है उस पर कुछ तो करें। क्वालिटी देखकर रोजगार दे। उद्योग लगना ठीक है। लेकिन उसकी नुकसान की भरपाई करें। रोजगार दे रहे हो, तो पहले कुछ परसेंट में दे। नोकझोक न हो शांति से काम चले आप भी खुश रहे जनता भी खुश रहे।

17. श्री मुन्नालाल पार्थी, घुटकू :— हमारे घुटकू पंचायत में 2—2 कोल वॉशरी है। जो कोल वॉशरी के लिये जमीन खरीद लिया है। पारस प्लांट व झा भैया के पास है। हमारी जमीन प्रभावित हो रही है। मेरी जमीन से 3 साल से एक दाना भी फसल नहीं हो रहा है। अभी से नुकसान दिखाई दे रहा है। उनका पानी जा रहा है उससे फसल नुकसान हो रहा है। जिनका जमीन नुकसान नहीं हो रहा है वो समर्थन में है, जिनका फसल नुकसान हो रहा है उसका ध्यान दे। पर्यावरण विभाग देखकर अनापत्ति प्रदान करें।

18. श्री उत्तरा माथुर, तुर्काडीह उपसरपंच :—हम लोग जमीन बेचे है, तरक्की के लिए। आदमी विकास करें। आज घुटकू पंचायत में आपत्ति हो रहा है। शासन निराकरण करेगा।

19. श्री कमल माथुर, तुरकाडीह — .मैं खुद गरीब आदमी हूँ। 200 कमाते है बिलासपुर जाकर । यहां काम मिलेगा।

20. श्री रामायण प्रसाद लोनिया, घुटकू .:— खुद का जमीन प्लांट लगाने के लिए दिया हूँ।

21. श्री नरेन्द्र कुमार माथुर, तुरकाडीह :— .कोई आपत्ति नहीं है। पूर्ण समर्थन है।

22. श्री कल्लू डीमर, घुटकू :— जूनी तालाब नहाने लायक नहीं है। काहे आपत्ति है? दो रोटी कोई दे नहीं सकता तो दो रोटी काहे छीन रहा है?

23. श्रीमती लीला बाई तुरकाडीह :— मै समर्थन करती हूँ। काम मिलना चाहिए।

24. श्रीमती निर्मला बाई, तुरकाडीह :— मै समर्थन करती हूँ। काम मिलना चाहिए।

25. श्री सुखलाल, घुटकू :— धन्यवाद दे रहा हूँ। झा साहाब बाहर से आदमी न लाये। बाहर से आयेंगे तो गडबड होगा। प्रापर घुटकू में 20,000 लोग है। अस्पताल के लिए जरूर कोशिश करेंगे।

26. श्री सुरेन्द्र चौहान, घुटकू :—प्लांट स्थापित हो रहा है, वॉटर रिचार्ज का क्या व्यवस्था है? समर्थन करूंगा। हमारी नलकूप न बंद हो। प्लांट लगने वाला है। वॉटर रिचार्ज कराये। मै समर्थन करता हूँ। आसपास का फसल प्रभावित न हो।

27. श्रीमती बृहस्पति बाई, तुर्काडीहः— मेरे को यहां काम करना है। काम मिलना है।

28. श्रीमती लैनीबाई करहीपारा, .:— समर्थ। निरतूपारा में चिखला है।

29. श्रीमती विलसिया :— हमारे यहां पानी का बहुत समस्या है। नदिया का पानी सूख जाता है हमारे पास पानी नहीं है। आपसे निवेदन है कि हैण्डपंप की व्यवस्था करें।

30. श्री विजय कुमार मिश्रा :— रोज काम मिलना चाहिए।

31. श्री श्याम सुंदर, घुटकू— मुक्ति धाम नहीं है। पचरी है घेरा नहीं है। मै समर्थन करता हूँ। मेरे गांव में लेकिन नाली नही है। हैंडपंप टूटा फूटा है।

32. श्रीमती भगवती लोनिया :— काम करना चाहती हूँ। समर्थन है।

33. <u>श्रीमती भारती लोनियाः</u>– काम करना चाहती हूॅ। समर्थन है।

34. <u>श्रीमती ममता लोनिया :</u>– काम करना चाहती हूॅ। समर्थन है।

35. <u>श्री रिंकू टंडन, घुटकू :</u>– समर्थन है।

36. <u>श्री धर्मेश दुबे, सकरी :</u>– सभी को रोजगार मिलना चाहिए। कितनो को रोजगार दोगे। मै झा साहब से पूछना चाहता हूॅ। कितने वेतन में रोजगार देंगे? समर्थन करने वाले कहां जायेंगे? सब चौक में जायेंगे। ऐसी स्थिति है। इनका जितना प्लांट लगा है उसमें कितने छत्तीसगढ के लोगो को रोजगार मिला है।

37. <u>श्री मनहरण नवरंग, उसलापुर :</u>– जंगल में जनसुनवाई कर रहे है। अभी तो गांव में पढाई चल रहा है, एक्जाम हो रहा है ये प्रभावित न हो। गांव वाले के अनुमति के लिए यहां जनसुनवाई रखा गया है। समर्थन देता हूं।

38. <u>श्री रामकुमार पाटले, सरपंच निरतू :</u>– पहला उद्योग लग रहा है, खुशी होना चाहिए। प्रदूषक नियंत्रण उपकरण पहले रखें, स्थानीय लोगो को रोजगार दे, समर्थन है।

39. <u>श्री धनीराम भास्कर, .:</u>– हमारे स्कूल का प्राबलम, छत का प्राबलम है गांव प्रभावित होता है, विकास का ध्यान दे। हमारे गांव का कोई विकास नहीं हुआ है। गांव के विकास के लिए काम करें। हमारा समर्थन है। गांव का विकास किया जाये। पानी मुहैया कराऊंगा बोले है।

40. <u>श्री श्याम लाल घुटकू:</u>– पर्यावरण का ध्यान रखते हुए स्थानीय को रोजगार दे। समर्थन है।

41. <u>श्री दिनेश कुमार निर्मलकर, घुटकू :</u>– समर्थन है।

उपरोक्त वक्तव्यों के बाद अतिरिक्त कलेक्टर तथा क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा उपस्थित जन समुदाय से अपने विचार व्यक्त करने का अनुरोध किया गया किंतु जब कोई भी व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने हेतु उपस्थित नहीं हुआ तब लगभग 3.30 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोक सुनवाई के दौरान आये विभिन्न मुद्दों के निराकरण हेतु परियोजना प्रस्तावक को आमंत्रित किया गया।

प्रस्तावित परियोजना प्रस्तावक की ओर से श्री प्रवीण कुमार झा, डायरेक्टर **मेसर्स फिल कोल बेनिफिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, ग्राम–घुटकू,** के द्वारा परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई के दौरान उठाये गये मुख्य मुद्दों के निराकरण हेतु मौखिक रूप से उपस्थित जन समुदाय को अवगत कराया गया। लगभग 3.45 बजे अतिरिक्त कलेक्टर द्वारा लोकसुनवाई सम्पन्न होने की घोषणा की गई।

लोकसुनवाई स्थल पर लिखित में 199 सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्ति प्राप्त हुई। स्थल पर उपस्थित प्रत्येक व्यक्ति को आवेदक से परियोजना पर सूचना/स्पष्टीकरण प्राप्त करने का अवसर दिया गया। लोक सुनवाई के दौरान 41 व्यक्तियों के द्वारा मौखिक सुझाव/विचार/टीका–टिप्पणी एवं आपत्तियां अभिव्यक्त की गई, जिसे अभिलिखित किया गया। लोक सुनवाई में

लगभग 500 व्यक्ति उपस्थित थे। उपस्थिति पत्रक पर कुल 121 व्यक्तियों द्वारा हस्ताक्षर किया गया। आयोजित लोक सुनवाई की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कराई गई।

**क्षेत्रीय अधिकारी**
छ.ग. पर्यावरण संरक्षण मंडल,
बिलासपुर

**अतिरिक्त कलेक्टर**
बिलासपुर,